भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खान मंत्रालय / MINISTRY OF MINES
भारतीय खान ब्यूरो / INDIAN BUREAU OF MINES
खान नियंत्रक कार्यालय (द.अ.)
OFFICE OF CONTROLLER OF MINES (SZ)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सं. IV/3/2023-BNG.

बेंगलूर, दिनांक : 29/10/2026

सेवा में
राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
नागपुर

विषय : बेंगलुरू कार्यालय में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा, 2026 की रिपोर्ट का अग्रेषण

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर भारतीय खान ब्यूरो, बेंगलुरू के आंचलिक, क्षेत्रीय एवं क्षेत्रीय खनिज प्रसंस्करण प्रयोगशाला कार्यालय द्वारा समेकित रूप से दिनांक 14 सितंबर से 30 सितंबर, 2026 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया. हिन्दी पखवाड़ा के आयोजन की विस्तृत रिपोर्ट फोटग्राफस के साथ आपके सूचनार्थ प्रस्तुत है.

संलग्न : यथोपरि

भवदीय
शैलेन्द्र
29/10/26
(शैलेंद्र कुमार)
खान नियंत्रक (द.अ.)

हिंदी पखवाड़ा समारोह, 2026 का रिपोर्ट

कार्यालय में दिनांक 14 सितंबर 2026 से 30 सितंबर 2026 तक हिंदी पखवाड़ा समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करना, राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करना था।

पखवाड़ा के दौरान कर्मचारियों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता, प्रशासनिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सरल अनुवाद प्रतियोगिता , हिन्दी पत्र लेखन प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, कविता पाठन प्रतियोगिता तथा स्फूर्ति भाषण जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी हिंदी भाषा संबंधी दक्षता प्रदर्शित करने का अवसर मिला। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिंदी के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं के महत्व एवं भारतीय भाषाओं के पारस्परिक संबंधों पर भी बल दिया गया। कार्यालयीन पत्राचार, टिप्पणियों एवं प्रारूपों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया। इन गतिविधियों से कार्यालय में हिंदी के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ।

दिनांक 29 सितंबर 2026 को गृह पत्रिका "श्रीगंधा" का विमोचन श्री शैलेंद्र कुमार, खान नियंत्रक दक्षिण अंचल, डॉ. सुरेश प्रसाद, क्षेत्रीय खान नियंत्रक, बेंगलुरु , डॉ. जामी विजय कुमार, अधीक्षण अधिकारी (अयस्क प्रसाधन) बेंगलुरु एवं श्रीमती निधि कुचिया,उप अस्यक प्रसाधन अधिकारी द्वारा किया गया। दिनांक 30 सितंबर 2026 को हिंदी पखवाड़ा समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

समग्र रूप से हिंदी पखवाड़ा समारोह, 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, राजभाषा के प्रति जागरूकता तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आशा है कि इस दौरान

विकसित हुआ उत्साह भविष्य में भी हिंदी के निरंतर प्रयोग एवं राजभाषा संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा।











